## एक नजर में

### बालिकाओं व महिला केंद्रित योजनाओं पर जागरुकता शिविरों का आयोजन

**शाजापुर, 2 सितंबर.** जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी के मार्गदर्शन में संकल्प हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमन के अंतर्गत जिले में विभिन्न स्तरों पर बालिकाओं व महिला केंद्रित योजनाओं व नीतियों पर विशेष क्षमता निर्माण जागरूकता शिविरों का आयोजन किया गया. इसी तारतम्य में ग्राम कांजा में शिविर में पर्यवेक्षक श्रीमती प्रिया गोस्वामी ने प्रारंभ में मिशन शक्ति के तहत संचालित वन स्टॉप सेंटर के बारे में जानकारी देते हुए घरेलू हिंसा व अन्य किसी प्रकार की हिंसा से पीड़ित महिलाओं को विभाग द्वारा प्रदाय की जाने वाली चिकित्सा सुविधाए परामर्श, आश्रय, विधिक व पुलिस सहायता एवं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की महिलाओं को जानकारी प्रदान की. इसके साथ ही लाड़ली लक्ष्मी योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बालिकाओं को उच्च शिक्षित करने की समझाईश दी गई. सहायक संचालक महिला बाल विकास सुश्री नीलम चौहान ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाए न केवल बालिकाओं की सुरक्षा का ध्यान रखें, बल्कि उन्हें सुरक्षित व असुरक्षित स्पर्श के बारे में समझाएं.


**हेल्पलाईन नंबरों की जानकारी दी**

उन्होंने चाइल्ड हेल्प लाईन नंबर 1098, साइबर अपराध रोकथाम नंबर 1930 व महिला हेल्पलाईन की जानकरी प्रदान की. बालिकाओं का स्वास्थ व पोषण के साथ ही आर्थिक रूप से बालिका सशक्त हो, इसके लिए उन्होंने सुकन्या समृद्धि योजना के बारे में जानकारी देते हुए पोस्ट ऑफिस में बालिकाओं का खाता खुलवाने के लिए कहा. साथ ही उन्होंने कहा कि महिलाएं अपना स्वास्थ नियमित रूप से करवाएं, ताकि एनीमिया से बच सकें व सुपोषण की तरफहम अग्रसर हो सकें. इस अवसर पर स्वास्थ विभाग से सीएचओ नीलम बोड़ाना, एएनएम पिंकी वर्मा, कार्यकर्ता श्रीमती मिथिलेश सक्सेना, श्रीमती किरण सौराष्ट्रीय आदि उपस्थित थी. बड़ोदिया सेक्टर में पर्यवेक्षक श्रीमती आशा जांगड़े ने एवं पर्यवेक्षक श्रीमती अमिता माथुर ने बालिकाओं व महिलाओं को ग्राम सतगांव में कानूनों व स्वस्थ पोषण की समझाईश दी. साथ ही बालिकाओ को डिजिटल व वित्तीय साक्षरता की भी जानकारी दी.

### कुरुतियों को बंद करने का लिया संकल्प

**सुसनेर, 2 सितंबर.** अखिल भारतीय गंधर्व राव समाज संगठन द्वारा गत दिवस सुसनेर में जामुनिया रोड पर आयोजित राजबाग गार्डन में महापंचातय संपन्न हुई, जिसमें मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली, गुजरात व अन्य राज्यो से समाजजनों ने सहभागिता की. इस महापंचायत में वरिष्ठजनों और युवा साथियों के साथ मिलकर समाज में व्याप्त कुरूतियों को बंद करने हेतु कुछ नए नियम बनाए गए हैं और उन्हें अमल में लाने का निर्णय भी लिया गया. इनका पालन करने हेतु सभी को संकल्प भी दिलवाया गया. जिसका उद्देश्य समाज में सुधार लाना और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना रहा. इनमें कन्याओं के पैसे लेने पर पूर्णत: रोक लगाई गई. अगर कोई अपनी बहन या बेटी के पैसे लेता है, तो उस पर 21 हजार रुपए व लड़के वालों पर 51 हजार रुपए का दंड रखा गया. मान के कार्यक्रम में कपड़ा प्रथा पर बंद करने एवं सार्वजनिक कार्यक्रमो में शराब पीने पर प्रतिबंध लगाए जाने पर भी रोक लगाई गई. इस नियम का उल्लंघन करता है तो उस पर आर्थिक दंड की कार्यवाही की जाएगी. मोसर के कार्यक्रम में पगडी प्रथा को बंद करने व लडाई झगडे पर रोक लगाई गई. इस नियम का उल्लंघन करने वाले पर 11 हजार रुपये का दंड रखा गया. साथ ही इन सभी नियमों का पालन करने हेतु समाजजनों को संकल्प भी दिलवाया गया. इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत वीणावादीनी मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष पूजन कर की गई. इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम सिसोदिया, कन्हैया लाल, भेरू लाल बामणियाखेड़ी, समिति के युवा सदस्य मेहरबान सिंह पंवार, सालगराम सिसोदिया, बसंती लाल सिसोदिया, नरेंद्र पंवार, मोनू हाड़ा, प्रहलाद पंवार, रामचंद्र हाड़ा, विजय सिसोदिया, शंभू पंवार आदि मौजूद रहे. कार्यक्रम का आभार घनश्याम पंवार ने सुसनेर ने माना.

### पर्युषण पर्व के चलते सुगंध दशमी पर जैन समाज ने निकाला चल समारोह



**सुसनेर, 2 सितंबर.** नगर में चल रहे दिगंबर जैन समाज के 10 दिवसीय पयुर्षण पर्व के छटे दिन मंगलवार को सुगंध दशमी के अवसर पर समाजजनों द्वारा चल समारोह निकाला. इससे पूर्व नगर के समस्त जैन मंदिरो में अलसुबह भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, नित्यनियम पूजन, दस लक्षण मंडल विधान की पूजन कर आरती की गई. इसके बाद शाम करीब 4 बजे स्टैट बैंक चौराहा स्थित श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन छोटे मंदिर से चल समारोह की शुरूआत हुई, जो नगर के प्रमुख मार्गो शुक्रवारिया बाजार, हनुमान छत्री चौक, सराफा बाजार होते हुए घाटी रोड पर स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर पहुचा. जहां समाजजनों ने जिनेन्द्र भगवान के दर्शन कर उनके समक्ष धुप का क्षेपण किया. छोटे जैन मंदिर में धर्मध्वजा भी चढाई गई. इस अवसर पर दोपहर में सभी जैन मंदिरो में समाज की महिलाओं ने सुगंध दशमी की कथा का श्रवण भी किया. चल समारोह मे बड़ी संख्या में समाजजन शामिल थे, समाजजन नाचते गाते हुए चल रहे थे.

### कालवा बालाजी में श्री राम कथा का पूर्णाहुति के साथ हुआ समापन



**सुसनेर, 2 सितंबर.** मध्यप्रदेश व राजस्थान की सीमा पर स्थित अतिप्राचीन व क्षेत्रवासियों की आस्था के केन्द्र कावला बालाजी हनुमान मंदिर पर 27 अगस्त से 2 सितंबर तक 7 दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया. जिसमें नाहरगढ़ के कथावाचक पंडित सुनील शर्मा के मुखारबिंद से श्रृद्धालुओं को कथा श्रवण करवाई गई. कथा के अंतिम दिन मंगलवार को उन्होंने व्यासपीठ से श्रृद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि अगर भक्त का भाव और भक्ति शबरी के समान सच्ची, निस्वार्थ और अटूट हो, तो प्रभु स्वयं भक्तों के दर्शन के लिए अवश्य आते हैं. शबरी ने अपना पूरा जीवन श्रीराम की प्रतीक्षा में बिताया, अपने प्रेम और स्नेह से उनकी सेवा की और अंत में, श्री राम स्वयं उनसे मिलने आए और उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें मोक्ष प्रदान किया. यह रामकथा में राम का महत्व उनके आदर्श गुणों जैसे कि मर्यादा पुरुषोत्तम, धर्मनिष्ठ और सदाचारी होने पर केंद्रित रही. यह कथा व्यक्ति को जीवन जीने की कला सिखाती है और यह बताती है कि कैसे मुश्किलों का सामना करते हुए धैर्य और संयम बनाए रखना चाहिए.

**राम कथा सुनने से मन को मिलती है शांति**

रामकथा सुनने से मन को शांति मिलती है, तनाव कम होता है और जीवन में सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है. कथा के अंतिम दिन पूर्व विधायक राणा विक्रमसिंह व सरपंच दानुसिंह ने शामिल होकर के कथावाचक पंडित शर्मा का स्वागत भी किया. अंतिम दिन महायज्ञ की पूर्णाहुति और भंडारे के साथ इस कथा का समापन किया गया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रृद्धालुजन उपस्थित रहे.

# सवा हाथ के मंदिर में विराजे चार हाथ के श्री गणेश

## गणेशोत्सव विशेष : शाहजहां कालीन किले के साथ हुआ था मंदिर का निर्माण, शहर की सुरक्षा करते हैं गजानन

**शाजापुर, 2 सितंबर. गणपति बप्पा की विशालकाय मूर्तियां और मंदिर तो सभी ने देखे होंगे, लेकिन शाजापुर में महज सवा हाथ का मंदिर है, जिसमें चार हाथ की ऊंचाई के श्री गणेश विराजमान हैं. शहर में यह मंदिर पीढ़ियों से लोग देखते आ रहे हैं. यह भक्तों की आस्था का केंद्र है. गणेशोत्सव को लेकर भक्तों में अलग ही उत्साह नजर आ रहा है.**

मीरकलां बाजार स्थित विघ्नहर्ता का यह मंदिर गेट के नीचे सड़क किनारे स्थित है. यह मंदिर क्षेत्र का सबसे छोटा मंदिर कहा जा सकता है. इस मंदिर को लेकर शहरवासियों ने बताया कि मीरकला गेट के नीचे स्थित इस मंदिर की ऊंचाई सवा हाथ की है, जिसमें चार हाथ के गणेश जी विराजमान हैं. बताया जाता है शाजापुर में 16वीं सदी का शाहजहां कालीन किला बना था. किले के निर्माण के साथ ही किला रोड, मीरकला, सोमवारिया व कसेरा बाजार में चार प्रवेश द्वार भी बनाए गए थे. इन्हीं में से मीरकला क्षेत्र का प्रवेश द्वार है. इसी के साथ नीचे भगवान गणेश का छोटा सा मंदिर है. सड़क से सटे इस मंदिर के ऊपरी हिस्से पर एक दुकान बनी हुई है. गेट के साथ ही इसकी स्थापना हुई थी.

**नगर में जगह-जगह विराजे श्री गणेश**

नगर में विभिन्न समितियों द्वारा आकर्षक गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई है. जहां गणेश चतुर्थी के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी श्रीगणेश हो गया था.



### शहर की सुरक्षा करते है चार हाथ के बप्पा..

यूं तो इस मंदिर में सेवा और पूजा का जिम्मा वहीं रहने वाले गुप्ता परिवार के सदस्य करते हैं, लेकिन आसपास के लोगों के लिए भी यह मंदिर आस्था का केंद्र है और वहां रहने वाले शहरवासी व व्यापारी इनके दर्शन के साथ ही अपने दिन की शुरुआत करते हैं. कहते हैं कि बप्पा की मौजूदगी से ही शहर में कोई मुसीबत नहीं आती और बप्पा हर समय वहां मौजूद रहकर पूरे शहर की सुरक्षा करते हैं. कई बार मुसीबत भी आई, तो वह टल गई. यही वजह है कि यहां प्रतिदिन लोग बप्पा का आशीर्वाद लेकर ही अपने दिन और काम की शुरूआत करते हैं.

### यहां बरसों से विराजित है गजानंद...

उक्त मंदिर कब से है, किसने इसे स्थापित किया, इसके बारे में कम ही लोग जानते हैं, लेकिन लोग कहते हैं कि यह मंदिर लंबे समय से यहां विराजित है और लोगों की आस्था का केंद्र है. हर वर्ग के व्यापारी बप्पा को भोग लगाते हैं. इनकी पूजा करते हैं. उसके बाद अपना काम शुरू करते हैं. लोगों का मानना है कि उनके दर्शन करने और आशीर्वाद लेने के बाद किया गया कोई भी काम उन्हें फायदा पहुंचाता है, जिसके चलते वे बरसों से यहां उनकी आराधना कर रहे हैं.

### जनसुनवाई में 93 आवेदन प्राप्त

**शाजापुर, 2 सितंबर.** मुख्यमंत्री जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत संपन्न हुई जनसुनवाई में 93 आवेदन प्राप्त हुए. अपर कलेक्टर बीएस सोलंकी एवं अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले ने जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं का निराकरण किया. इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे.

### कृषि विभाग के दल ने बताए फसल प्रबंधन के उपाय

**शाजापुर, 2 सितंबर.** उप संचालक कृषि आरएल जामरे एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जीआर अम्बावतिया के संयुक्त दल द्वारा गत दिवस फसलों पर होने वाले कीटव्याधि एवं अन्य प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए शाजापुर जिले के ग्रामों का भ्रमण कर फसल प्रबंधन के उपाय बताए. इस दौरान ग्राम अवन्तीपुर बड़ोदिया, पगरावद, मोरटाकेवड़ी, सुन्दरसी, खड़ी, पोलायकलां एवं पोलायखुर्द के किसानों के खेतों में जाकर सफेद मक्खी से होने वाली वायरसजनित पीलामोजेक वायरस बीमारी का समाधान बताया एवं सोयाबीन की नवीन किस्मो जो कि वायरस प्रतिरोधी है उनको किसानों को फसल पद्धति में सम्मिलित करने की सलाह दी. साथ ही किसान भाईयों को समय समय पर कीटनाशक प्रबंधन के बारे में भी जानकारी से अवगत कराया गया.

### राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयन

**शाजापुर, 2 सितंबर,** जिले के शासकीय उमावि क्रमांक 2 शाजापुर के प्राथमिक शिक्षक दिलीप जायसवाल का राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए चयन हुआ. शिक्षक दिवस 5 सितंबर को आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में शिक्षक श्री जायसवाल को पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा.

# घरेलू गैस सिलेंडर से की जा रही अवैध रिफिलिंग

## मक्सी में धड़ल्ले से चल रहा काम, प्रशासन बना मूकदर्शक

**मक्सी, 2 सितंबर. शाजापुर जिले के मक्सी नगर में घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों से वाहनों में अवैध रूप से रिफिलिंग का गोरखधंधा जमकर फल फूल रहा है. महंगे पेट्रोल के चलते कुछ लोग थोड़े पैसे बचाने के फेर में न केवल कानून का उल्लंघन कर रहे हैं, बल्कि अपनी और दूसरों की ज़िंदगी भी दांव पर लगा रहे हैं.**

नगर के कई क्षेत्रों में बिना किसी सुरक्षा इंतजाम और लाइसेंस के मशीनों और जुगाड के जरिए दो और चार पहिया वाहनों में एलपीजी रिफिलिंग की जा रही है. यह काम खुलेआम चल रहा है, जबकि प्रशासन और संबंधित विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं.



**कहीं भी हो सकता है बड़ा हादसा**

गैस रिफिलिंग के दौरान जरा सी चूक जानलेवा हो सकती है. सिलेंडर बम की तरह फट सकता है, इसके बावजूद मक्सी में स्टेशन रोड से लेकर अन्य मोहल्लों तक गैस रिफिलिंग का कारोबार जारी है. घरेलू सिलेंडर से रिफिलिंग करने वालों को मोटा मुनाफा हो रहा है, तो वहीं गैस एजेंसियों की मिलीभगत से जमकर कालाबाजारी भी हो रही है.

**प्रशासन की चुप्पी पर सवाल**

मक्सी में इस अवैध गतिविधि की जानकारी आम जनता को है तो जिम्मेदार अफसरों को क्यों नहीं. सवाल उठता है कि आखिर कब तक इस खतरनाक धंधे को यूं ही खुली छूट दी जाती रहेगी.

**जगह-जगह लगे हैं रिफिलिंग पॉइंट**

नगर में स्टेशन रोड, उकाला रोड और अन्य मोहल्लों में छोटे गैस सिलेंडर, मशीनें और उपकरणों के जरिए रिफिलिंग की जाती है. यह सब बिना किसी सुरक्षा मापदंड और सरकारी अनुमति के किया जा रहा है.

# तेजा दशमी के उपलक्ष्य पर ऐतिहासिक मेला संपन्न



**वीर तेजा जी महाराज के दर्शनों के लिए लगा भक्तों का तांता**

**मंदिर पर भक्तों ने चढ़ाए निशान**

**मक्सी, 2 सितंबर. मंगलवार को पटेल मार्केट स्थित अति प्राचीन तेजाजी महाराज मंदिर में तेजा दशमी के पावन अवसर पर भव्य और ऐतिहासिक मेला आयोजित किया गया. जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया. भक्तों ने वीर तेजाजी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया और प्रतिक चिह्न, निशान व छतरी अर्पित की.**

यह मेला मक्सी में पिछले 61 वर्षों से भी अधिक समय से निरंतर आयोजित होता आ रहा है. तेजा दशमी के इस अवसर पर मक्सी में जनसैलाब उमड़ा पड़ा. तेजाजी मंदिर परिसर में लगे मेले में हजारों भक्तों ने वीर तेजाजी महाराज के दर्शन किए. पंडा जी गोकुल प्रसाद प्रजापत के निधन के बाद उनके पुत्र शिवप्रसाद प्रजापत ने भक्तों के माथे पर कुमकुम के छापे लगाए. मंदिर के पुजारी शिवप्रसाद प्रजापत और उनका परिवार पीढ़ियों से इस मेले और पूजा अर्चना का आयोजन कर रहे हैं. मेले से एक दिन पूर्व रातभर भजन कीर्तन का आयोजन होता है. जिसमें भक्तगण वीर तेजाजी महाराज के भजनों में तल्लीन रहते हैं. आसपास के गांवों से लेकर दूर दराज के क्षेत्रों से भी श्रद्धालु परिवार सहित मेले में भाग लेने आते हैं. लंबी कतारों में भक्तगण तेजाजी महाराज के दर्शन के लिए खड़े रहते हैं और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में उत्साह देखा जाता है.

### सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर सौंपा आवेदन



**सुसनेर, 2 सितंबर. मंगलवार की दोपहर में नगर परिषद में कार्य करने वाले महिला एवं पुरूष सफाई कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर सीएमओ ओपी नागर को व अध्यक्ष प्रतिनिधि राहुल सिसोदिया को आवेदक दिया है.**

जिसमें नियमित व परमानेंट कर्मचारियों का एरियर, जीपीएफ दिए जाने एवं इन कर्मचारियों को शासकीय अवकाश दिए जाने की मांग की गई. साथ ही नप में 10 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित्त किए जाने, दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का पीएफ काटे जाने व सफाई कर्मचारियों को सफाई हेतु लोंग जूते, झाड़ू, फावड़े, वर्दी, रेनकोट तथा हाथ वाली कचरा गाड़ी आदि उपलब्ध कराई जाए. इसके साथ ही समस्त कर्मचारियों को समय पर 1 तारीख से 5 तारीख के बीच में वेतन का भुगतान किए जाने व मध्य प्रदेश राजपत्र दिनांक 30 मई 2013 के अनुसार 10 वर्षों से अधिक समय से काम कर रहे कर्मचारियों का वेतन 1500 रूपये व 20 साल से कार्यरत कर्मचारियों का 2500 रूपये वेतन मान बढ़ाया जाने की मांग की गई.

### कृषि विभाग के दल ने बताए फसल प्रबंधन के उपाय

**शाजापुर, 2 सितंबर.** उप संचालक कृषि आरएल जामरे एवं प्रधान वैज्ञानिक डॉ. जीआर अम्बावतिया के संयुक्त दल द्वारा गत दिवस फसलों पर होने वाले कीटव्याधि एवं अन्य प्रकार की समस्याओं के समाधान के लिए शाजापुर जिले के ग्रामों का भ्रमण कर फसल प्रबंधन के उपाय बताए. इस दौरान ग्राम अवन्तीपुर बड़ोदिया, पगरावद, मोरटाकेवड़ी, सुन्दरसी, खड़ी, पोलायकलां एवं पोलायखुर्द के किसानों के खेतों में जाकर सफेद मक्खी से होने वाली वायरसजनित पीलामोजेक वायरस बीमारी का समाधान बताया एवं सोयाबीन की नवीन किस्मो जो कि वायरस प्रतिरोधी है उनको किसानों को फसल पद्धति में सम्मिलित करने की सलाह दी. साथ ही किसान भाईयों को समय समय पर कीटनाशक प्रबंधन के बारे में भी जानकारी से अवगत कराया गया.

# कनासिया नाके पर मरम्मत कार्य हुआ शुरू

## नवभारत की खबर से प्रशासन आया हरकत में

**मक्सी, 2 सितंबर. विगत दिनों प्रकाशित की गई विशेष रिपोर्ट कनासिया नाका तिराहा बना जानलेवाए गड्ढों से भरा तिराहा बना, हादसों का न्यौता का बड़ा असर देखने को मिला है. लंबे समय से उपेक्षित इस तिराहे की बदहाल स्थिति पर प्रशासन अब जागा है और मरम्मत कार्य कर गड्ढों को भर दिया गया है.**

गौरतलब है कि यह चौराहा उज्जैन और शाजापुर जिलों की सीमा पर स्थित है, जिससे जिम्मेदारी तय करने में बाधा आ रही थी. *नवभारत* की खबर सामने आने के बाद क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों पर जनदबाव बनाए जिसके फलस्वरूप संबंधित विभागों की संयुक्त बैठक कर तिराहे पर हो रहे जानलेवा गड्ढे सुधारने का निर्णय लिया गया.



### मीडिया की ताकत को सलाम...

मरम्मत कार्य प्रारंभ होते ही क्षेत्रीय नागरिकों एवं राहगीरों ने राहत की सांस ली है. राहगीरों और स्थानीय दुकानदारों ने नवभारत न्यूज़ का आभार जताया और कहा कि यदि मीडिया समय पर आवाज न उठाए तो हमारी समस्याएं यूं ही नजरअंदाज होती रहती है.

**इनका कहना है**

*फोरलेन स्वीकृत हो चुका है और बरसात के मौसम के पश्चात अक्टूबर माह या उसके के बाद कनासिया नाका तिराहे का पक्का इलाज नई एजेंसी के माध्यम से जंक्शन इंप्रूवमेंट का कार्य करा दिया जाएगा.*

***-हर्षवर्धन सिंह मुवेल, कार्यपालन यंत्री***

**एक नजर में** — मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सौंपा पत्र

# नप अध्यक्ष ने भंग की परिषद की पीआईसी

**सुसनेर, 2 सितंबर. नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी राहुल सिसोदिया के भाजपा छोड़कर कांग्रेस में जाने के बाद मंगलवार की दोपहर 2 बजे नगर परिषद अध्यक्ष सिसोदिया ने कांग्रेस पार्षद इबादउल्ला खान, नईम अहमद मेव, राकेश कानुडिया व पार्षद प्रतिनिधि मोहसिन खान की मौजूदगी में परिषद की पीआईसी को भंग करते हुए इस संबंध में आवेदन पत्र सीएमओ ओपी नागर को सौंपा है.**



नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी राहुल सिसोदिया ने अपने पत्र में बताया कि मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 355 के साथ पठित धारा 70 तथा 110 द्वारा प्रदत्त शक्तियों एवं नियम 1998 के तहत नगर परिषद सुसनेर हेतु निकाय के कामकाज में सुविधा जनक संचालन हेतु नगर परिषद अध्यक्ष के पत्र क्रमांक 1 में दिनांक 16 अगस्त को प्रेसिडेन्ट इन काउसिंल का गठन किया किया गया था, उससे में प्रेसिडेन्ट इन काउसिंल सदस्यों के कार्यों से संतुष्ट नहीं हूं. इस कारण से में पीआईसी को भंग करती हूं, नवीन पीआईसी के गठन के लिए पृथक से आदेशित किया जाएगा.

# शिक्षक भ्यांजा हुए सेवानिवृत्त, शिक्षा विभाग ने दी विदाई



**सुसनेर, 2 सितंबर.** रोडमल भ्यांजा सहायक शिक्षक गेलाना सेवानिवृत्त हुए, इसके चलते तहसील रोड पर स्थित शिक्षा विभाग के कार्यालय पर उन्हे विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के द्वारा विदाई समारोह आयोजित कर विदाई दी गई. यहां पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश तिवारी एवं संकुल प्राचार्य के एल मालवीय एवं पूर्व बीईओ शांताराम गुप्ता व राजेश जैन, इरफान खान एवं संतोष भैनिया, नरेंद्र सिंह कावल, रोशन बेग अन्य ने भ्यांजा का साफा बांधकर व फूलमालाओं से स्वागत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की.